# लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान

(स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं लोहिया स्वच्छता योजना)

**बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति, ग्रामीण विकास विभाग**

बिहार सरकार



विद्युत भवन-2, प्रथम तल, बेली रोड, पटना-800 021, दूरभाष : +91-612-250 4980, फैक्स : +91-612-250 4960 वेबसाइट : www.lsba.bih.nic.in


पत्रांक: BRLPS/LSBA/Admn/2018-029 दिनांक: 07-04-2018

प्रेषक:

**श्री बालामुरुगन डी०, भा० प्र० से०,**

मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी-सह-मिशन निदेशक,

सेवा में,

**सभी जिला पदाधिकारी-सह- अध्यक्ष**

जिला जल एवं स्वच्छता समिति, बिहार।

विषय: **दिनांक 10.04.2018 को मोतिहारी में आयोजित 'सत्याग्रह से स्वच्छाग्रह' कार्यक्रम में स्वच्छाग्रहियों के भाग लेने के सम्बन्ध में ।**

महाशय

उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि **'सत्याग्रह से स्वच्छाग्रह'** कार्यक्रम का समापन समारोह दिनांक **10.04.2018 को मोतिहारी** में आयोजित किया जा रहा है।

विभागीय पत्रांक 360843 दिनांक 19.03.2018 के निदेश के आलोक में दिनांक 09 .04.2018 को सभी जिलों में कार्य कर रहे **राज्य के बाहर के स्वच्छाग्रहियों (सूची संलग्न) को मोतिहारी,** जिला पूर्वी चम्पारण में आगमन निर्धारित है। इस हेतु जिलों में उपलब्ध **बाहर के स्वच्छाग्रहियों** की संख्या के अनुरूप जिला द्वारा वाहन की व्यवस्था की जायेगी एवं सभी स्वच्छाग्रही आवंटित वाहन से मोतिहारी कार्यक्रम में भाग लेने हेतु टेन्ट सिटी, मोतिहारी जायेंगे तथा कार्यक्रम के उपरांत उसी वाहन से संबंधित स्वच्छाग्रही अपने प्रस्थान स्थल (राज्य के सीमा के अंदर) तक जायेंगे।

साथ ही संलग्न सूची के अनुरूप सभी संबंधित जिले अपने जिले के **आंतरिक स्वच्छाग्रहियों** को भी दिनांक 09.04.2018 को टेन्ट सिटी मोतिहारी भेजेंगे। **आंतरिक स्वच्छाग्रही** निर्गत पहचान पत्र के साथ कार्यक्रम में भाग लेंगे। जिलो द्वारा अपने **आंतरिक स्वच्छाग्रहियों** के भ्रमण हेतु प्रत्येक 50 स्वच्छाग्रहियों की संख्या पर एक टीम लीडर नामित करेंगे। संलग्न सूची के अनुरूप संबंधित जिलों से मोतिहारी, जिला पूर्वी चम्पारण में आने वाले स्वच्छाग्रही, निर्गत पहचान पत्र के अतिरिक्त एक फोटोयुक्त पहचान पत्र भी साथ निश्चित रखेंगे। स्वच्छाग्रही मोतिहारी में आगमन के उपरांत सीधे टेन्ट सिटी मोतिहारी में रजिस्ट्रेशन डेस्क पर टीम लीडर के साथ उपस्थिति दर्ज करायेंगे, जहां उन्हें आवासन हेतु स्थान आवंटित किया जायेगा। टेन्ट सिटी मोतिहारी में दिनांक 09.04.2018 को दोपहर से आवासन, भोजन इत्यादि की व्यवस्था की गई है। टेन्ट सिटी मोतिहारी में स्वच्छाग्रहियों के सहायता हेतु जगह-जगह पर हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है तथा सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था की गई है।

टीम लीडर के रूप में जिलों द्वारा स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रखण्ड

विकास पदाधिकारी , बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, जिला समन्वयक(लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान) , एवं महिला पर्यवेक्षिका, मुख्य प्रशिक्षक (स्वच्छता) इत्यादि को भी नामित किया जा सकता है। नामित अधिकारी/ कर्मी टीम के आवागमन , आवासन, रजिस्ट्रेशन इत्यादि में सहयोग करेंगे तथा दल से लगातार सम्पर्क में बने रहेंगे।

दिनांक 10.04.2018 को प्रात: 11 बजे से 'सत्याग्रह से स्वच्छाग्रह' का मुख्य कार्यक्रम प्रस्तावित है। अत: दिनांक 10.04.2018 को सभी स्वच्छाग्रहियों हेतु नास्ता का प्रबंध प्रात: 6.30 बजे से 8.30 बजे तक किया जा रहा है ताकि सभी स्वच्छाग्रही नास्ता के उपरांत प्रात: 9.15 बजे तक मुख्य कार्यक्रम स्थान गाँधी मैदान मोतिहारी में अपना स्थान ग्रहण करेंगे।

मुख्य कार्यक्रम के समापन के उपरांत टेन्ट सिटी, मोतिहारी से स्वच्छाग्रही अपने निर्धारित गंतव्य (वापसी प्लान के अनुरूप) हेतु प्रस्थान करेंगे। वैसे स्वच्छाग्रही जिनका वापसी प्लान दिनांक 11.04.2018 को निर्धारित है उनके आवासन एवं रात्रि भोजन की व्यवस्था टेन्ट सिटी में की गई है।

दिनांक 09.04.2018 को विभिन्न जिलों से स्वच्छाग्रहियों के साथ आये बस के पार्किंग की व्यवस्था जिला प्रशासन पूर्वी चम्पारण **द्वारा सदर प्रखण्ड मोतिहारी के सामने छतौनी स्टेडियम** में की गयी है।

उपरोक्त निदेश के आलोक में सभी जिला अग्रेतर कारवाई करते हुए सभी स्वच्छाग्रहियों (सूची के संख्या के अनुरूप)को सूचित करेंगे तथा नोडल पदाधिकारी/ टीम लीडर की सूचना मोबाईल नं० सहित दिनांक 08.04.2018 तक मुख्यालय भेजना सुनिश्चित करेंगे।

विश्वासभाजन

07/04/18

**(बालामुरुगन डी०)**

**ज्ञापांक:** BRLPS/LSBA/Admn/2018/29 **दिनांक:** 07/04/2018

प्रतिलिपि : सभी उप विकास आयुक्त-सह- उपाध्यक्ष को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि : सभी जिला समन्वयक/ जिला स्वच्छ भारत प्रेरक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि : निखिल अग्रवाल, लल्लु जी एण्ड सन्स को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि : सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

07/04/18

**(बालामुरुगन डी०)**

| 9th April 2018 Swachhagrahis Movement Plan for S2S Champaran event | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | External Swachhagrahis | | | Internal Swachhagrahis | | |
| DISTRICT | MALE | FEMALE | TOTAL | MALE | FEMALE | TOTAL |
| ARARIA | 38 | 0 | 38 | 66 | 90 | 156 |
| ARWAL | 53 | 6 | 59 | 17 | 53 | 70 |
| AURANGABAD | 57 | 76 | 133 | 110 | 74 | 184 |
| BANKA | 58 | 47 | 105 | 75 | 48 | 123 |
| BEGUSARAI | 96 | 4 | 100 | 115 | 44 | 159 |
| BHAGALPUR | 38 | 150 | 188 | 130 | 110 | 240 |
| BHOJPUR | 165 | 35 | 200 | 130 | 89 | 219 |
| BUXAR | 154 | 46 | 200 | 115 | 24 | 139 |
| DARBHANGA | 187 | 14 | 201 | 85 | 190 | 275 |
| GAYA | 205 | 80 | 285 | 110 | 180 | 290 |
| GOPALGANJ | 345 | 58 | 403 | 163 | 67 | 230 |
| JAMUI | 33 | 36 | 69 | 80 | 43 | 123 |
| JEHANABAD | 50 | 17 | 67 | 44 | 46 | 90 |
| KAIMUR(BHABUA) | 105 | 27 | 132 | 100 | 20 | 120 |
| KATIHAR | 110 | 44 | 154 | 41 | 80 | 121 |
| KHAGARIA | 60 | 48 | 108 | 37 | 53 | 90 |
| KISHANGANJ | 24 | 15 | 39 | 69 | 61 | 130 |
| LAKHISARAI | 82 | 50 | 132 | 38 | 62 | 100 |
| MADHEPURA | 63 | 13 | 76 | 100 | 42 | 142 |
| MADHUBANI | 158 | 14 | 172 | 110 | 230 | 340 |
| MUNGER | 72 | 40 | 112 | 60 | 41 | 101 |
| NALANDA | 148 | 31 | 179 | 156 | 90 | 246 |
| NAWADA | 95 | 38 | 133 | 120 | 51 | 171 |
| PURBA CHAMPARAN | 373 | 73 | 446 | 0 | 0 | 0 |
| PURNIA | 60 | 21 | 81 | 85 | 135 | 220 |
| SAHARSA | 115 | 12 | 127 | 92 | 70 | 162 |
| SAMASTIPUR | 107 | 4 | 111 | 280 | 71 | 351 |
| SASARAM(ROHTAS) | 182 | 7 | 189 | 125 | 61 | 186 |
| SHEIKHPURA | 23 | 39 | 62 | 47 | 43 | 90 |
| SHEOHAR | 32 | 13 | 45 | 10 | 45 | 55 |
| SITAMARHI | 184 | 39 | 223 | 152 | 69 | 221 |
| SIWAN | 265 | 62 | 327 | 190 | 42 | 232 |
| SUPAUL | 71 | 16 | 87 | 90 | 43 | 133 |
| VAISHALI | 261 | 31 | 292 | 165 | 45 | 210 |
| PATNA | 176 | 63 | 239 | 180 | 45 | 225 |
| PASCHIM CHAMPARN | 298 | 103 | 401 | 0 | 0 | 0 |
| MUZZAFFARPUR | 294 | 73 | 367 | 0 | 0 | 0 |
| SARAN | 222 | 59 | 281 | 250 | 43 | 293 |
| TOTAL | 5059 | 1504 | 6563 | 3737 | 2500 | 6237 |

7/4/18